
तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024

11 नगर में जगह-जगह विराजी जगत-जननी मां जगदंबा


12 मां दुर्गा की भक्ति में डूबा शहर, चारों ओर हो रही पूजा-अर्चना




B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

## वेशभूषा के साथ प्रतिभागियों ने दी गरबा में आकर्षक प्रस्तुति

### सुआ, ददरिया, पंथी और बस्तरीहा नृत्य ने लोगों का मन मोह लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शारदीय नवरात्रि पर सिद्धेश्वर युवा मंच द्वारा भव्य गरबा एवं सुवा महोत्सव का आयोजन किया गया। मां दुर्गा की भव्य आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ और देर रात तक लोगों ने गरबा सुवा महोत्सव का आनंद उठाया। अलग-अलग परिधानों और वेशभूषा में गरबा के प्रतिभागी आकर्षक दिखे। छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परिधान में सुआ, ददरिया, पंथी और बस्तरीहा नृत्य ने लोगों का मन मोह लिया। वहीं दूसरे दिन रंगबिरंगे गरबा के ड्रेस में प्रतिभागियों ने पूरे माहौल को कला और संस्कृति के रंग में सराबोर कर अनुपम छटा बिखेरी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक संदीप साहू भी पत्नी के साथ छोटे बच्चियों के बेहतरीन गरबा नृत्य को देखकर अपने आपको रोक नहीं पाये। बच्चों के साथ शामिल होकर गरबा कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विधायक साहू ने कहा कि नवरात्रि बुराइयों से लड़ने, सत्य की जीत और मां दुर्गा की पूजन का महाआयोजन है। यह सुवा गरबा महोत्सव भी देवी आराधना का स्वरूप है। क्षेत्र के युवा ऐसे भव्य और दिव्य आयोजन के साथ रचनात्मक कार्यों के साथ समाज के निर्माण में सहयोग करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य शहर को एक सूत्र में पिरोने के साथ शक्ति के उपासना के पर्व ▶▶ शेष पेज 11 पर



#### गरबा क्वीन बनी चारुका और रेखा

गरबा सुवा महोत्सव में गरबा क्वीन चारुका ध्रुव, सीजी क्वीन रेखा देवांगन, सीजी ड्रेस में प्रथम खुशी ध्रुव, द्वितीय सालिनी साहू, तृतीय भूमि देवांगन, बेस्ट डांस बच्चों में अनाया कुर्रे, द्वितीय ईसाना सिंह, युवतियों में प्रथम गुनिका वर्मा, रोशनी चतुर्वेदी, मधु सरसिंहा, तुलसी वर्मा, जिज्ञासा सोनी को पुरुस्कार मिला। वहीं थीम प्रतियोगिता में महिलाओं में ज्योत जंवरा ग्रुप प्रथम, मां कालिका ग्रुप द्वितीय, युवतियों में जगदम्बा ग्रुप प्रथम, शिव शक्ति ग्रुप द्वितीय, बच्चों में नवदेवी टाइटल्स प्रथम भूतों की टोली द्वितीय रही। आयोजन को सफल बनाने में रश्मि ठाकुर, वंदना चंद्राकर, सीमा वर्मा, किरण साहू, महेश्वरी बंजारे, सिद्धेश्वर युवा मंच के अध्यक्ष सौरभ वर्मा, पिंटू वर्मा, शिवम मिश्रा, हर्षवर्धन वर्मा, शेरखान हर्ष वर्मा साधराम साहू, हितेश देवांगन आदि का सहयोग रहा।

### विरोध : सनातनियों में आक्रोश, थाना पहुंचे और दर्ज करायी रिपोर्ट

## असामाजिक तत्वों ने गायब की नंदी की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

लवन थाना अंतर्गत ग्राम तिल्दा के रहने वाले ललित कुमार केंवट पिता महेतर ने अपने घर के पास के ही भगवान शिव मंदिर में शिवलिंग के समीप प्रतिष्ठित नंदी को तोड़कर गायब करने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 9 सितंबर की बीती रात तकरीबन 1–2 बजे के बीच कुछ तोड़ने या मार करने की आवाज आई, जिसे सुनकर मेरा छोटा भाई घर से बाहर मंदिर की तरफ आया, वहां उसने देखा की मंदिर से नंदी की प्रतिमा गायब है, जिसकी जानकारी उसने मुझे दी। मैं वहां जाकर देखा तो नंदी की प्रतिमा नहीं थी।

पूरे गांव को प्रातः इसकी जानकारी हुई, जिसकी सूचना बजरंगदल कार्यकर्ताओं ने प्रखंड संयोजक विनय धींवर को दी। लवन निवासी बजरंगदल जिला सहसंयोजक विजय साहू ने ग्राम तिल्दा पहुंचकर मंदिर का निरीक्षण किया। उन्होंने तत्काल विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी और जिला मंत्री राजेश केशरवानी को स्थिति से अवगत कराया और उनके मार्गदर्शन में गांव के युवाओं ने विहिप बजरंगदल कार्यकर्ताओं के साथ लवन थाने पहुंचकर वहां उपस्थित थाना प्रभारी को आवेदन देकर उक्त संबंध में दोषियों पर प्राथमिकी दर्ज कर अज्ञात असामाजिक अधर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। ललित केंवट का बयान पर थाने में अज्ञात लोगों के विरुद्ध चोरी एवं धार्मिक भावनाएं आहत करने की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर प्रशासन द्वारा जल्द अज्ञात आरोपियों को पकड़ने का भरोसा दिला रहा है।



#### आस्था को ठेस पहुंचा रहे असामाजिक तत्व

मामले में विहिप जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने कहा कि प्रदेश में कुछ राष्ट्रविरोधी संगठनों असामाजिक तत्वों द्वारा जानबूझकर हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ कर धार्मिक भावनाएं भड़काने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। जिला बलौदाबाजार भाटापारा में ही पिछले 3–4 महीनों में ये हिन्दू देवी देवताओं की प्रतिमा खंडित करने का एक दर्जन से ऊपर के मामले सामने आ चुके हैं। प्रदेश भर में सनातन विरोधी गतिविधियों में संलिप्त लोगों को चिन्हित कर दंडात्मक कार्यवाही की आवश्यकता है। अन्यथा पुनः कोई बड़ी साजिश को विधर्मियों सनातनद्रोहियों द्वारा अंजाम दिया जा सकता है, जिले के साथ प्रदेश भर में सनातन धर्म का दुष्प्रचार करने वाले अधर्मियों विधर्मियों तथा अन्य मत पंथ सम्प्रदाय के दलालों पर नकेल कसना और उनपर सख्ती करना बहुत जरूरी हो गया है जिससे ऐसी हिन्दू विरोधी घटनाओं नफरत फैलाने वालों को रोका जा सके।

## लंबे समय से अनुपस्थित 4 शिक्षक और 2 भृत्य बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

▪ कलेक्टर के आदेश में शिक्षा विभाग ने की कार्यवाही

अनाधिकृत रूप से लंबे समय से अनुपस्थित 4 शिक्षकों एवं 2 भृत्य पर सख्त कार्रवाई करते हुए कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर बर्खास्त कर दिया गया है। इसमें विकासखण्ड बलौदाबाजार के प्राथमिक शाला पिपराही में पदस्थ सहायक शिक्षक ललिता रूपदास, प्राथमिक शाला पौसरी के सहायक शिक्षक ज्योत्सना सागरकर, प्राथमिक शाला खैरघटा के सहायक शिक्षक गीतांजली वर्मा, विकासखण्ड सिमगा के प्राथमिक शाला करहुल सहायक शिक्षक एलबी गुपेन्द्र कुमार यादव एवं पूर्व माध्यमिक शाला डोटोपार भृत्य पवन कुमार ध्रुव, विकासखण्ड भाटापारा के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करहीबाजार भृत्य मदन लाल टंडन शामिल हैं। उपरोक्त कर्मचारीगण अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित शासकीय सेवकों के विरुध्द अनुशासनिक कार्रवाई करते हुए कार्य से पृथक कर दिया गया है।

इनके द्वारा मूलभूत नियम 18 एवं छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3(1) (एक) (दो) (तीन) तथा अवकाश नियम 7 निहित नियमों के विपरीत पाया गया जो कदाचरण की श्रेणी में आता है।

### नवरात्रि विशेष



#### अष्टमी: महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

### खबर संक्षेप

#### एसडीएम भूपेंद्र हुए पदोन्नत अपर कलेक्टर बने

**कसडोल।** तहसील के एसडीएम भूपेंद्र अग्रवाल को जिला का अपर कलेक्टर नियुक्ति किया गया है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जारी पत्र में कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन के अनुसार भूपेन्द्र कुमार अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कसडोल, को 30 जून 2023 से प्रवर श्रेणी वेतनमान 15600-39100 एवं ग्रेड वेतन 7600 (वेतन मैट्रिक्स लेवल-14) में कमोन्नत/नियुक्त करते हुए अपर कलेक्टर जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के पद पर पदस्थ किया गया है। इसके साथ ही प्रशासनिक दृष्टिकोण से रामरतन दुबे, डिप्टी कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गिरौद को अपने कार्य के साथ-साथ अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कसडोल का प्रभार सौंपा है।

#### तुमगांव शराब दुकान से बाइक चोरी

**महासमुंद।** तुमगांव के शराब दुकान से बाइक चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस को प्रार्थी सौरभ चंद्राकर पिता सुभाष चंद्राकर (31 वर्ष) वार्ड नं 14 बस स्टैंड के सामने लालवानी गली महासमुंद ने बताया कि वह करणी कृपा प्लांट में 8 अक्टूबर को मोटर सायकल बजाज प्लेटीना सीजी 06 जीजी 4145 से काम करने गया था। बाइक को प्लांट में काम करने वाला ओंकार गोस्वामी मांग कर शराब दुकान तुमगांव आया था, जहां से वाहन को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली।

## बिलाईगढ़ का राजशाही दशहरा 13 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

छत्तीसगढ़ का एक ऐतिहासिक कस्बा, अपने राजशाही दशहरा उत्सव के लिए प्रसिद्ध है, जो इस वर्ष 13 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में खास उत्साह और उमंग देखने को मिलती है। दशहरे का यह महोत्सव न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि बिलाईगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर और राजवंशीय परंपराओं का प्रतीक भी है। राजशाही परंपराओं का निर्वाहन बिलाईगढ़ के राज परिवार द्वारा निभाया जाता है। इसमें राज परिवार के सदस्य अपने पूर्वजों की स्मृति में शस्त्र पूजा और ग्राम देवताओं की पूजा करते हैं। समारोह में पूरे क्षेत्र के लोग बढ़–चढ़कर हिस्सा लेते हैं। रथ यात्रा, जिसमें राजा और अन्य राजपरिवार के सदस्य पारंपरिक परिधान में सजे होते हैं, मुख्य आकर्षण का केन्द्र होती है। इस बार दशहरा को लेकर लोगों में खास उत्साह देखा जा रहा है। क्षेत्र में इस उत्सव के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। बाजारों में रौनक है, और गांव–गांव से लोग इस भव्य आयोजन में हिस्सा लेने के लिए पहुंचते हैं। इसके साथ ही मेले का आयोजन भी किया जाता है, जहां स्थानीय ▶▶ शेष पेज 11 पर

## नगर में भागवत महापुराण 16 से

**कसडोल।** नगर में संगीतमय भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन 16 अक्टूबर से प्रारंभ होगा। भागवत कथा में कथावाचक पं. हिमांशु कृष्ण भारद्वाज बुलंदशहर उत्तर प्रदेश से आयेंगे। उल्लेखनीय है कि कथा स्थल नगर भवन मैदान कसडोल में दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होकर संध्या 7 बजे तक चलेगा। इस कार्यक्रम के आयोजक सभापति नवीन मिश्रा जिला पंचायत द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम की रूप रेखा में 16 अक्टूबर को कलश यात्रा (सुबह 9 बजे), 17 अक्टूबर भागवत महात्म्य, वृंदावन में नारद भक्ति संवाद, धुंधकारी का मोक्ष, 18 अक्टूबर को भगवान शंकर का पार्वती को भागवत सुनाना, शुकदेव जन्म, महाभारत खंड, परीक्षित जन्म कार्तिक कृष्ण 19 अक्टूबर परीक्षित को श्राप, शुकदेव आगमन कपिल ▶▶ शेष पेज 11 पर

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगा जागरुकता शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष राकेश बिहारी घोरे के मार्गदर्शन एवं स्टेट प्लॉन ऑफ एक्शन 2024 के परिपेक्ष्य में 10 अक्टूबर विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी में किया गया। साक्षरता शिविर में गिर्जेश प्रताप सिंह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा इस शिविर में बताया गया कि मानसिक स्वास्थ्य सभी लोगों के लिए एक बुनियादी मानव अधिकार है। अच्छा मानसिक स्वास्थ्य हमारे समग्र स्वास्थ्य और तंदुरूस्ती के लिए महत्वपूर्ण है। फिर भी दुनियाभर में आठ में से एक व्यक्ति मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों से जूझ रहा है। मानसिक स्वास्थ्य की स्थितियां किशोरों और युवाओं की बढ़ती संख्या को प्रभावित कर रही है। मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति होने पर किसी व्यक्ति को उसके मानवाधिकारों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। साथ ही मानसिक रोगियों के उपचार हेतु विधिक प्रक्रिया को बताया गया एवं निःशुल्क विधिक सहायता योजना के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में बीएसओ डॉ. बीएस ध्रुव द्वारा बताया गया कि दैनिक अनियमितता के कारण मानसिक स्वास्थ्य अधिक संख्या में प्रभावित हो रही है। दिनचर्या में व्यायाम, पौष्टिक आहार एवं योग के माध्यम से मानसिक रोग को सुधारा जा सकता है। साथ ही विश्व दृष्टि दिवस पर बताया गया की मोबाइल का अधिक उपयोग करने से मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है तथा मोबाइल का उपयोग कम करने का सलाह दी गई। उक्त शिविर में समस्त स्टाफ, नेत्र सहायक अधिकारी, वार्ड ब्वाय, ग्रामवासी एवं पीएलव्ही शुकदेव सेन उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य मितान को पांच माह से नहीं मिला वेतन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

▪ स्वास्थ्य मंत्री से लगाई गुहार, शीघ्र वेतन दिलाने की मांग

ज़िले में स्वास्थ्य मितान में पदस्थ कर्मचारियों को अनुबंधित कंपनी ने 5 माह से वेतन नहीं दिया है। आर्थिक स्थिति बिगड़ती देख सभी मितान स्वास्थ्य मंत्री से उनसे निवास मिलने पहुंचे, जहां उन्होंने शीघ्र वेतन दिलाने की मांग की।

आयुष्मान भारत योजना जो कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के अंतर्गत राज्य शासन से अनुबंधित कंपनी (TPA) FHPL के अंतर्गत स्वास्थ्य मितान की भर्ती की गई थी, जो कि पूरे राज्य में लगभग 750 की संख्या में कार्यरत है। विगत 4 माह से FHPL कंपनी द्वारा इन स्वास्थ्य मितान को वेतन भुगतान नहीं किया गया है। इससे सभी स्वास्थ्य मितान के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। वर्तमान में नवरात्रि दशहरा और आगे दीपावली जैसे त्योहार है, जिससे सभी कर्मचारी आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान है। पिछले माह ही कोरबा जिले में कार्यरत काशीराम पटेल (स्वास्थ्य मितान) जो कि सीएमएचओ ऑफिस कोरबा में कार्यरत है, जो एक ट्रक दुर्घटना के शिकार हो गए, उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई मृतक की पत्नी जो कि 5 माह की गर्भवती और एक बच्चा है।

इतना कुछ होने के बाद भी कंपनी ने किसी भी प्रकार का कोई सहयोग मृतक के परिवार को नहीं किया। वेतन से संबंधित और काशीराम पटेल के आर्थिक मदद के लिए राज्य के स्वास्थ्य मितान चंदा कर दुखित परिवार को सहयोग किए न ही जिला स्वास्थ्य विभाग और संबंधित कंपनी से किसी भी प्रकार का सहयोग नहीं किया और 7 अक्टूबर को राज्य के समस्त जिलों से लग्भग़ 400 की संख्या में स्वास्थ्य मितान रायपुर स्वास्थ्य मंत्री से उनसे निवास में मिले, जहां मंत्री तुरंत संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ऋतुराज रघुवंशी को फोन कर वेतन से संबंधित समस्या दूर करने के लिए कहा।

### विधायक इन्द्र साव कामता में आयोजित रामलीला के कार्यक्रम में हुए शामिल

## श्रीराम का जीवन हम सबके लिए अनुकरणीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

विधायक इंद्र साव देर रात ग्राम कामता पहुंचे, जहां सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति में दुर्गा पूजा कर ग्राम के नवयुवकों द्वारा आदर्श रामलीला मंडली के तत्वावधान में आयोजित रामलीला का आनंद उठाया। इससे पूर्व ग्राम कामता पहुंचने पर विधायक का ग्रामवासियों द्वारा स्वागत किया गया। श्री साव ने कहा कि रामलीला के आयोजन से हमारे संस्कार जीवित रहते हैं। साथ ही नया ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन हम सबके लिए अनुकरणीय है। इस प्रकार का आयोजन युवाओं एवं बच्चों को प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि रामलीला मंचन से जहां पात्र की प्रतिभा दिखती है वहीं युवा पीढ़ी भी अपने संस्कार को अपनाने लगती है। विधायक ने ग्रामवासियों को नवरात्रि की बधाई देते हुए मां दुर्गा से सबके कल्याण के लिए आशीर्वाद मांगा। विधायक प्रतिनिधि एवं ग्राम के पूर्व सरपंच शैली भाटिया ने कहा कि भगवान राम की लीला देखने एवं सुनने मात्र से ही मनुष्य के सारे पाप कट जाते हैं। यह मनुष्य जीवन हमें बहुत मुश्किल से मिला है, इसलिए इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में थोड़ा समय निकालकर भगवान की भक्ति में लगाना चाहिए। विधायक साव रामलीला के सभी कलाकारों से मिल कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पार्षद दशरथ चंद्राकर, सत्यजीत शेंडे ,शेष साहू, इंदल साहू, रामकुमार निषाद, संतोष साहू, रमऊ यादव, चौन सिंह ध्रुव, धनंजय साहू, जती ध्रुव आदि उपस्थित थे।



### माता के दरबार में पहुंचे विधायक इंद्र साव

भाटापारा। देवी की उपासना का पर्व नवरात्रि पर सभी माता मंदिरों में जहां लगातार दर्शन करने वालों की भीड़ बढ़ती जा रही है, वहीं क्षेत्र के विधायक इंद्र साव भी अपने क्षेत्र के माता मंदिरों, दुर्गा पंडाल सहित प्रदेश के अनेक सिद्ध मंदिरों में पहुंच कर क्षेत्र और प्रदेश के नागरिकों की खुशहाली की कामना कर माता का आशीर्वाद ले रहे हैं। भाटापारा-सिमगा नगर सहित आसपास के अनेक गांव में इस समय देवी की आराधना में भक्तगण डूबे हुए हैं। अपने अनेक स्वरूप में विराजित माता के दर्शन के लिए अब पंचमी के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ सड़कों पर नजर आने लगी है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पंडालों को काफी अच्छी सजावट की गई है। विधायक इंद्र साव भी अपने परिवारजनों के साथ भाटापारा, सिमगा के अलावा अनेक गांव के दुर्गा पंडालों एवं शक्ति पीठ माता की मंदिरों पर मत्था टेक, चुनरी ओढ़ाकर माता का आशीर्वाद ले रहे हैं। विधायक इंद्र साव ने कहा कि नवरात्रि पर माता के दर्शन करने से कष्ट दूर हो जाते हैं और शक्ति पीठ मंदिरों में पहुंचने से हर बिगड़े काम भी सुधर जाते हैं। उन्होंने सभी स्थानों पर अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों की उन्नति, प्रगति, सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना के लिए माता से आशीर्वाद लिया है।



हरिभूमि
पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## महाराष्ट्र मंडल में गरबा समारोह आज

**रायपुर।** नवरात्रि के अवसर पर चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में 11 अक्टूबर को अष्टमी पूजा के बाद रात्रि 8 बजे एक दिवसीय गरबा समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उपाध्यक्ष गीता दलाल के मुताबिक मंडल के आजीवन सभासदों के भारी मांग के चलते महाराष्ट्र मंडल में गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी दौरान महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने सभी 16 केंद्रों की संयोजिकाओं, सह संयोजिकाओं, विभिन्न समितियों के प्रमुखों, सह प्रमुखों और सभी कार्यकारिणी सदस्यों को न केवल गरबा उत्सव में आमंत्रित किया है, बल्कि अपनी-अपनी टीमों को भी आयोजन स्थल पर लाने की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र मंडल में गरबा पारंपरिक परिधान में किया जाएगा। यह कार्यक्रम में महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में होगा।

## राज्यपाल ने लोहारीडीह मामले में मांगी रिपोर्ट

**रायपुर।** कवर्धा जिले के ग्राम लोहारीडीह अग्निकांड मामले में राज्यपाल रामेन डेका ने संज्ञान लिया है। राज्यपाल के अवर सचिव ने गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र भेजकर लोहारीडीह मामले में आवश्यक कार्यवाही करने और कार्रवाई के बाद छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग एवं राज्यपाल के सचिवालय को अवगत कराने का निर्देश दिया है। कवर्धा के लोहारीडीह हिंसा मामले में जेल बंद कैदियों से राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने 24 सितंबर को मुलाकात की थी, इसके बाद नायक ने आरोप लगाया कि जेल में बंद 33 महिलाओं को निर्वस्त्र करके पीटा गया है। महिलाओं के शरीर पर चोट के निशान हैं।

## रावणभाठा में 60 फीट का जलेगा रावण




**रायपुर।** टिकरापारा के रावणभाठा मैदान पर इस बार भी रावण दहन का कार्यक्रम सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति करने जा रही है। 12 अक्टूबर को शाम 4 से रात 8 बजे तक मैदान पर उत्सव का माहौल रहेगा। दशहरा उत्सव का ऐतिहासिक महत्व दूधाधारी मठ से जुड़ा है। 1610 में विम्बाजी राव और बलभद्राचार्य द्वारा स्थापित दूधाधारी मठ से उत्सव की परंपरा जुड़ी है। यह शहर के अन्य दशहरा उत्सव से इसे खास स्थान दिलाता है। दूधाधारी मठ का यह सांस्कृतिक उत्सव छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। बुधवार को पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष मनोज वर्मा, संयोजक सुशील ओझा व सचिव अमित साहू ने दी। उन्होंने बताया कि राम-रावण के युद्ध को दर्शाने के साथ क्षेत्र की जनता को धार्मिक और सामाजिक रूप से जोड़ने का प्रयास भी यह समिति करती है।

## चार नए जिला सहकारी बैंक शुरू करने की तैयारी

**रायपुर।** सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने बुधवार को सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि रिजर्व बैंक तथा नाबार्ड के मापदंडों का अनुपालन करते हुए छत्तीसगढ़ में चार नवीन जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के गठन की प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई है। महासमुंद तथा गरियाबन्द को मिलाकर नवीन बैंक, जांजगीर-चाम्पा, कोरबा तथा शक्ति को मिलाकर एक नवीन बैंक, कांकेर तथा नारायणपुर को मिलाकर नवीन सहकारी बैंक एवं रायगढ़, जशपुर व सारंगढ़ मिलाकर नवीन जिला सहकारी केंद्रीय बैंक खोले जाएंगे। रायपुर स्थित न्यू-सर्किट हाउस, मिनी कॉन्फ्रेंस हॉल में 'सहकार से समृद्धि' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में शामिल हुई। कार्यशाला में केंद्र सरकार, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'सहकार से समृद्धि' विषय पर की गई पहल के अंतर्गत राज्य में किए जा रहे विभिन्न कार्यों के विषयों पर आयोजित की गई। गौरतलब है कि सहकारी बैंक द्वारा 8 लाख 36 हजार 597 किसानों को रूपे किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गए।

# दिवाली पर शहर आना महंगा, विभिन्न शहरों की फ्लाइट का किराया दोगुना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

चौबीस से अड़तालीस घंटे पहले फ्लाइट का टिकट पांच से छह हजार में आसानी से मिल रहा है, मगर दिवाली के पहले इन्हीं शहरों से रायपुर आने के लिए टिकट बुक कराने दस हजार रुपए तक खर्च करने पड़ रहे हैं। त्योहार पर अपने घर यानी शहर आना महंगा हो गया है और इसका किराया आने वाले दिनों में यात्रियों के साथ और बढ़ने की संभावना है।

महीने के अंत में दिवाली है और त्योहार मनाने के लिए उस दौरान विभिन्न शहरों में नौकरी अथवा पढ़ाई करने वाले घर आते हैं। इसके लिए की परिवार ने अपना प्रोग्राम बना लिया है और टिकट भी बुक कराने लगे हैं। इसका असर विभिन्न शहरों से रायपुर आने वाली फ्लाइट के एयर फेयर पर नजर आने लगा है। ऑफ सीजन होने की वजह से दिल्ली से रायपुर आने का टिकट 24 घंटे पहले साढ़े पांच से साढ़े छह हजार में मिल जा रहा है, मगर दिवाली के पहले के टिकट बुक कराने दस हजार रुपए तक खर्च करने पड़ रहे हैं। उस अवधि में दिल्ली के साथ अन्य शहरों का फेयर भी लगभग दोगुना हो गया है। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के अनुसार आने वाले दिनों में फेयर और बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि यात्रियों की संख्या स्वाभाविक रूप से बढ़ेगी।

### प्रमुख शहरों से रायपुर आने का एयर फेयर दस हजार तक पहुंचा

#### दिवाली के पहले दो नियमित उड़ान

दिवाली के ठीक पहले इंडिगो अपनी दो उड़ानों को नियमित करने की तैयारी में है। अभी सप्ताह में तीन और चार दिन चलने वाली पुणे और चेन्नई की फ्लाइट 27 अक्टूबर से नियमित रूप से संचालित होगी। उड़ान नियमित होने का फायदा अक्सर वहां आने जाने वाले यात्रियों को मिलेगा, मगर दिवाली के दौरान वहां से आने वाले यात्रियों को ज्यादा किराया देना होगा।



#### किराया अभी और तब

| शहर | 10 अक्टूबर | 29 अक्टूबर |
|---|---|---|
| दिल्ली-रायपुर | 54 से 6400 | 83 से 9500 |
| मुंबई-रायपुर | 6800 से 7 हजार | 12 से 13 हजार |
| पुणे-रायपुर | 10 हजार | 18 हजार |
| बेंगलुरु-रायपुर | 9 हजार | 14 हजार |

# दक्षिण के दंगल में दुर्ग और राजनांदगांव के नेताओं की एंट्री

## कहा- बाहरी नेताओं को हम पर थोपा, हमें भी दो टिकट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ के विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने एक जिले के नेताओं को दूसरे जिलों में खूब टिकट दिया। अब रायपुर दक्षिण उपचुनाव में इसका साइड इफेक्ट कांग्रेस को ही भारी पड़ता नजर आ रहा है। राजनांदगांव और दुर्ग के कांग्रेस नेताओं ने भी रायपुर दक्षिण सीट पर दावेदारी ठोंक दी है। राजनांदगांव के सीनियर नेताओं ने डॉ. आफताब आलम को टिकट दिलाने के लिए कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, पीसीसी चीफ दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत और पूर्व सीएम भूपेश बघेल से मिलकर टिकट की मांग की है।

- पायलट, बैज, महंत, भूपेश से मिलकर की राजनांदगांव के नेता को टिकट की मांग

वहीं कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे मोतीलाल वोरा के भतीजे एवं अमृत संदेश के प्रधान संपादक गोविंद वोरा, रायपुर के पुत्र राजीव वोरा ने भी दक्षिण के दंगल में दावा ठोंक दिया है। राजनांदगांव के नेताओं ने कहा है कि तीन बार वहां बाहर के नेताओं को टिकट दिया गया। तब सभी नेताओं ने तन, मन, धन से कांग्रेस के पक्ष में काम किया। अब राजनांदगांव के नेता को भी रायपुर दक्षिण में अवसर मिलना चाहिए। दूसरी ओर बाहरी नेताओं की दावेदारी ने दक्षिण के स्वाभाविक दावेदारों के बीच खलबली मचा दी है।




### तो हमें रायपुर से टिकट क्यों नहीं?

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महामंत्री और राजनांदगांव के कद्दावर नेता कुतुबुद्दीन सोलंकी का कहना है कि अब तक करुणा शुक्ला, गिरीश देवांगन और भूपेश बघेल राजनांदगांव से चुनाव लड़ चुके हैं। तीनों बार कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खूब मेहनत किया। रायपुर दक्षिण में अल्पसंख्यक समाज के वोट काफी अधिक हैं। ऐसे में डॉ. आफताब आलम को रायपुर दक्षिण से टिकट दिया जाना चाहिए।

### बाहरी पर जुबानी जंग भी

रायपुर दक्षिण में बाहरी नेताओं की दावेदारी को लेकर जुबानी जंग भी छिड़ गई है। कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि कांग्रेस किसी को भी लड़ा ले, उसकी हार तय है। दूसरी ओर पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने कहा कि टिकट की दावेदारी का हक सबको है। पार्टी जिताऊ प्रत्याशी को ही मैदान में उतारेगी। किसे टिकट देना है, इसका फैसला हाईकमान करेगा।

### बाहरी दावेदार भाजपा में भी कम नहीं

रायपुर दक्षिण में बाहरी दावेदारों की एंट्री कांग्रेस में तो अभी हुई है, लेकिन भाजपा में बाहर के नेताओं की कमी नहीं है। संजय श्रीवास्तव, मीनल चौबे, अमित साहू, केदार गुप्ता भी दक्षिण विधानसभा के बाहर के हैं और वे भी मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। चूंकि भाजपा ने भी कुछ सीटों पर बाहरी प्रत्याशी लड़ाए हैं। इसलिए इन दावेदारों की उम्मीदें भी काफी अधिक है।

# संयंत्र के सीएसआर हेड विनोद महात्मा अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिरमी–रावन




राष्ट्रीय स्तर पर इम्पैक्ट लीडर एवं चेंज मेकर को सम्मानित करने नई दिल्ली इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में एक भव्य सम्मान समारोह में अल्ट्राटेक रावन सी एस आर हेड विनोद श्रीवास्तव को प्रतिष्ठित महात्मा अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान किरण बेदी, भूतपूर्व गवर्नर पुण्डिचेरी, पहली भारतीय महिला आईपीएस अधिकारी एवं अमित सचदेवा, फाउंडर महात्मा फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया गया। इस सम्मान समारोह के आयोजन में मुख्य सहयोगी आदित्य बिरला ग्रुप, महात्मा फाउंडेशन, यु.एन.डी.पी, फिक्की की भागीदारी रही। इस सम्मान समारोह में अल्ट्राटेक रावन सीएसआर हेड विनोद श्रीवास्तव को सीएसआर के क्षेत्र में उनके 36 वर्षों के अनवरत योगदान के लिए महात्मा अवार्ड फॉर यंग चेंज मेकर से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर अल्ट्राटेक रावन यूनिट प्रबंधन ने अपार हर्ष व्यक्त किया है।

महात्मा अवार्ड वैश्विक सामाजिक प्रभावी व्यक्तियों एवं परिवर्तनकर्ताओं को दिया जाता है। उन व्यक्तियों और संगठनों को सम्मानित करता है जो एक न्यायपूर्ण, स्थायी और करुणामय भविष्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों में स्थिरता, परोपकार, साझा मूल्य और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व में उत्कष्टता को चिन्हित करता है। गरीबी और भूख को लेकर महिलाओं को सशक्त बनाने, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, साहित्य, कला और संस्कृति, पत्रकारिता, शांति और न्याय को बढ़ावा देने और जलवायु परिवर्तन से लड़ने तक, यह पुरस्कार समाज पर स्थायी प्रभाव डालने वालों को दिया जाता है। महात्मा पुरस्कार की स्थापना एक गांधीवादी और भारतीय वकील अमित सहदेवा द्वारा की गई है तथा यह गांधी की चिरस्थायी विरासत के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में परोपकारी राजश्री बिड़ला, आदित्य बिड़ला समूह द्वारा समर्थित है।

# हरियाणा में कांग्रेस के जलेबी ऑर्डर पर केदार ने कसा तंज, कहा- शपथ में खिलाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

हरियाणा के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने शानदार जीत की साथ सत्ता की 'हैट्रिक' लगाई है। परिणाम आने से पहले कांग्रेस ने जीत की उम्मीद के साथ जलेबी का ऑर्डर दिया था, इसे लेकर वन मंत्री केदार कश्यप ने तंज कसते हुए विपक्ष की कांग्रेस को शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया है।

- कांग्रेस के लिए देश में नेता खोजना मुश्किल हो गया

उन्होंने कहा, कांग्रेस पिछले 15 वर्षों से लगातार मिठाइयों का ऑर्डर दे रही है, लेकिन ऑर्डर उठा नहीं पा रही है। उनका काम नहीं चल पा रहा है, उनके नेता नहीं चल पा रहे हैं। उन्होंने इस बार भी जलेबी का आर्डर दिया था, लेकिन जलेबी भी नहीं चल पाई।

### पूर्व मंत्री भगत पर ली चुटकी

छत्तीसगढ़ में 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले अमरजीत भगत ने भी हार पर मूंछ मुंडवाने का दावा किया था। मंत्री केदार कश्यप ने चुटकी लेते हुए कहा, मूंछ कटवाने की बात हुई थी, बाद में पता चला कि मूंछ छंटवाया है। जिनकी मूंछ को जनता ने ही काट दिया है, वो तो अब मूंछ दिखाने के लायक भी नहीं रहे।



### शपथ ग्रहण समारोह में जलेबी खिलाएंगे

मंत्री कश्यप ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा, हम आमंत्रित करते हैं, उनको मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण में आएं उस दिन उनको जलेबी खिलाएंगे। कांग्रेस के लोग बड़ी-बड़ी बातें कर रहे थे, उनके राष्ट्रीय प्रवक्ता कह रहे थे कि अपना नाम बदल लेंगे, अब पता नहीं कौन सा नाम रखेंगे।

### जम्मू-कश्मीर में हार को लेकर मंत्री कश्यप का बयान

वहीं उन्होंने जम्मू कश्मीर में आए परिणाम को लेकर कहा, हमारा जो परफॉर्मेंस था, उससे वहां वोट प्रतिशत बढ़ा है। भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। आने वाले समय में बेहतर काम करेंगे, क्योंकि जम्मू कश्मीर भारत का ही अंग है। नरेंद्र मोदी की जो भी योजनाएं हैं, उनका वहां कार्य नजर आया है।

### उपचुनाव को लेकर कांग्रेस पर साधा निशाना

उन्होंने रायपुर दक्षिण विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार चुने जाने को लेकर विपक्ष के नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के लिए देश में नेता खोजना मुश्किल हो चुका है। कांग्रेस के बड़े नेता ही सर दर्द बन चुके हैं।

## हेरोइन चिट्टा के साथ तीन गिरफ्तार



**रायपुर।** आमानाका थाने की पुलिस ने पंजाब के तीन लोगों को हेरोइन चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार ग्राम हेरोइन चिट्टा के साथ इलेक्ट्रिक तराजू जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक पंजाब, तरण तारण निवासी आकाशदीप सिंह, हरप्रीत सिंह उर्फ प्रीत तथा अवतार सिंह उर्फ तारा के कब्जे से पुलिस ने हेरोइन चिट्टा जब्त किया है।

## किराया सूची चस्पा नहीं करने वाले 76 बस मालिकों के खिलाफ कार्रवाई

**रायपुर।** बसों में किराया सूची चस्पा नहीं करने वाले 76 बस मालिकों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की गई है। उल्लेखनीय है कि त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ ही लोकल तथा लंबी दूरी के लिए यात्रा करने वालों की बसों में आवाजाही शुरू हो जाती है। लंबी दूरी की यात्रा को लेकर यात्रियों के साथ बस कंडक्टर के साथ टिकट किराया को लेकर अक्सर विवाद की स्थिति निर्मित होती है। यात्रियों से अधिक किराया वसूली की शिकायत मिलने पर बसों में अनिवार्य रूप से किराया सूची चस्पा करने परिवहन विभाग ने निर्देश दिए हैं। परिवहन आयुक्त एस. प्रकाश तथा अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर के निर्देश पर रायपुर आरटीओ आशीष देवांगन तथा अफसरों ने मंगलवार तथा बुधवार को अभियान चलाकर बसों की जांच की। जांच के दौरान 76 बसों में किराया सूची चस्पा नहीं पाया गया। इसके चलते बस संचालकों से 55 हजार रुपए जुर्माना राशि वसूल की गई। साथ ही मालवाहक वाहन में यात्री ढोने पर छह वाहन मालिकों से 21 हजार छह सौ रुपए जुर्माना वसूल करने के साथ वाहन जब्ती करने की कार्रवाई की गई।

## निशुल्क चिकित्सा शिविर में 86 बच्चों ने कराया चेकअप

**रायपुर।** आकांक्षा लायंस इंस्टिट्यूट ऑफ़ लर्निंग एंड एंपावरमेंट द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर एक बड़ी सफलता रहा। इस शिविर में बड़ी संख्या में 86 बच्चों ने भाग लिया। शिविर में बच्चों को विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जांच और उपचार प्रदान किया गया। सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी ने आकांक्षा संस्थान के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस तरह के शिविरों से विशेष बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। आकांक्षा संस्थान के निदेशक साधना नायक ने कहा, हम इस शिविर की सफलता से बहुत खुश हैं। इस शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अविनाश अग्रवाल, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप वर्मा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. निशांत पटेल, कान-नाक-गला विशेषज्ञ डॉ. नीति वर्मा, त्वचा विशेषज्ञ डॉ. आदिति सिंह, दांतों के डॉक्टर डॉ. मोहित मानिक और रक्त जांच विशेषज्ञों ने अपनी सेवा दी।

# असंगठित कर्मकार के दो संतानों को मिलगी छात्रवृति

हरिभूमि न्यू ▸▸| बलौदाबाजार

राज्य शासन द्वारा असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों के बच्चों के लिए असंगठित कर्मकार छात्रवृत्ति योजना लागू की गई है। योजना अंतर्गत पंजीकृत असंगठित कर्मकार को उसकी प्रथम 2 संतानों की छात्रवृत्ति हेतु इस योजना का लाभ दिया जाएगा। योजना के प्रावधान के तहत प्रत्येक कक्षा एवं पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित छात्रवृत्ति पंजीकृत असंगठित कर्मकार के बैंक खाते में एकमुश्त हस्तान्तरित किया जाएगा। व्यवसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को इस योजना के तहत लाभ प्राप्त करने पर उस सत्र में अध्ययन करना अनिवार्य है। सत्र के बीच में अध्ययन रोकने की स्थिति में छात्रवृत्ति की राशि वापस ली जाएगी। ऐसे विद्यार्थी जो अन्य शासकीय विभाग या संस्था अंतर्गत संचालित योजना से छात्रवृत्ति लेने की पात्रता रखते हों वे मण्डल अथवा उस विभाग की योजना में से किसी एक का चयन कर सकते हैं, किन्तु किसी भी स्थिति में उसे दोनों योजनाओं का लाभ प्रदान नहीं किया जाएगा।

- राज्य शासन ने कर्मकारों की प्रथम 2 संतानों को छात्रवृति देने शुरू की है योजना

कक्षा पहली से 5वीं तक छात्र 500 रुपये एवं छात्र 750 रुपये, कक्षा 6वीं से 8वीं तक छात्र 750 रुपये एवं छात्र 1000 रुपये, कक्षा 9वीं से 12 वीं तक छात्र 1000 रुपये एवं छात्र 1500 रुपये, स्नातक या डिप्लोमा हेतु छात्र 1500 एवं छात्र 2000 रुपये, स्नातकोत्तर हेतु छात्र 2500 रुपये एवं छात्र 3000 रुपये, स्नातक स्तर की व्यवसायिक पाठ्यक्रम हेतु छात्र 5000 रुपये एवं छात्र 6000 रुपये, स्नातकोत्तर स्तर की व्यवसायिक पाठ्यक्रम हेतु छात्र 6000 रुपये एवं छात्र 8000 रुपये वार्षिक एकमुश्त देय होगा। योजना के तहत आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किये जाएंगे।

### आवश्यक दस्तावेज

प्राचार्य या प्रधानपाठक द्वारा जारी प्रमाण पत्र जिसमें विद्यार्थियों के वर्तमान कक्षा में अध्ययरत होना उल्लेखित हो। उक्त प्रमाण पत्र में सरल क्रमांक एवं दिनांक अंकित होना अनिवार्य है। विद्यार्थी के पूर्व कक्षा की अंकसूची, कक्षा पहली में अध्ययरत विद्यार्थी का शाला प्रवेश से सम्बंधित दस्तावेज होने चाहिए। योजनान्तर्गत आवेदन स्वीकृति का अधिकार सम्बंधित जिले के सहायक श्रमायुक्त, श्रम पदाधिकारी, सहायक श्रम पदाधिकारी अथवा कलेक्टर द्वारा अधिकृत अधिकारी को होगा। सम्बंधित श्रम कार्यालय द्वारा योजना की जाँच कर आवेदन सही पाए जाने की स्थिति में पंजीकृत असंगठित कर्मकार के पंजीयन कार्ड से सम्बद्ध बैंक खाते में राशिका हस्तान्तरण डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।

# चार यूनिट सोलर ऊर्जा के उत्पादन से प्रतिमाह 3 सौ यूनिट बिल की होगी बचत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के नवनियुक्त अध्यक्ष डा. रोहित यादव ने बुधवार को विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में कार्यपालन अभियंता मनोज वर्मा सहित कार्यपालन एवं सहायक अभियंता मौजूद रहे। बैठक में अध्यक्ष ने केंद्र और राज्य की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना एवं वर्तमान सोलर कनेक्शन प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि 4 यूनिट सोलर ऊर्जा के उत्पादन से 3 सौ यूनिट बिल की बचत होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि इस योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार करें, ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके।



रोहित यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत उपभोक्ता को लगभग 3 किलोवॉट पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी का प्रावधान है। इस तरह प्रति किलोवॉट लगभग 4 यूनिट उत्पादन से प्रतिमाह 3 सौ यूनिट बिल की भी बचत होगी। बैठक में मौजूद अधीक्षण अभियंता मनोज वर्मा ने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की जानकारी दी। उन्होंने रायपुर शहर में वर्तमान में सोलर कनेक्शन की प्रगति की समीक्षा की तथा राज्य में सबसे अधिक कनेक्शन दिए जाने की जानकारी दी। बैठक के अंत में रोहित यादव एवं मनोज वर्मा ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री की जीरो पॉवर कट का भी संकल्प दिलाया।

# समय के साथ विभाग ने बदली डाक सेवाएं कोर बैंकिंग-स्पीड पोस्ट लोगों की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

समय के साथ डाक विभाग ने लोगों की जरूरत के लिहाज से सेवाओं का विस्तार किया है। कोर बैंकिंग, स्पीड पोस्ट सहित कई तरह की नई सेवाएं विभाग लोगों को दे रहा है। इतना ही नहीं हर साल राष्ट्रीय डाक सप्ताह विभाग मनाता है। इसकी शुरुआत 1874 में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन की स्थापना और वर्षगांठ पर विश्व डाक दिवस 09 अक्टूबर को मनाने की परंपरा निभा रहा है। इसका उद्देश्य लोगों की जरूरत को पूरा करने के साथ सामाजिक और आर्थिक विकास में लोगों को सहयोग करना है। इसके लिए विभाग हर संभव प्रयास भी कर रहा है।

- विश्व डाक दिवस पर निदेशक डाक सेवाएं ने दी जानकारी

छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल के निदेशक डाक सेवाएं दिनेश कुमार मिस्त्री, सहायक डायरेक्टर जेएस पारथी और प्रवर अधीक्षक हरीश कुमार महावर ने यह जानकारी बुधवार को पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने मुख्य डाकघर के सर्किल आफिस में आयोजित वार्ता में बताया कि विभाग सभी संभागीय कार्यालयों में 07 से 11 अक्टूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह मना रहा है। इसमें प्रतिदिन विषयवार आयोजन किए जा रहे है। इसमें ग्राहको को डाक विभाग द्वारा संचालित सभी सेवाओं के साथ ही नई सेवाओं की जानकारी भी दी जा रही है। बुधवार को विश्व डाक दिवस पर सभी कार्यालयों में बैनर, पोस्टर का प्रदर्शन किया जा रहा है। 'देशभर में लोगों को सशक्त बनाने तथा संचार को सक्षम बनाने के 150 वर्ष' की थीम के आधार पर पैदल यात्रा के माध्यम से 'फिट पोस्ट, फिट इंडिया' का संदेश दिया जा रहा है।



## खबर संक्षेप



### स्वच्छता अभियान में छात्रों ने दिया सफाई का संदेश

**खरोरा।** स्वच्छता अभियान के तहत जनसमान्य में जागरूकता लाने भरत देवांगन शासकीय विद्यालय में अभियान चलाया गया। स्वच्छता ही सेवा है, प्रकृति के दुश्मन तीन पाऊच पन्नी पॉलीथिन आदि नारों के साथ स्वयंसेवी छात्र छात्राओं ने अपने कार्य को पूर्ण किया। इस स्वच्छता अभियान में विद्यालय के उपप्राचार्य हरीश देवांगन, सरपंच भागवत मार्कण्डेय, कार्यक्रम अधिकारी शाहीना परवीन रासेयो स्वयं सेवी लकी वर्मा, आदित्य देवांगन, टिकेंद्र साहू, शुभम नवरंगे, जिज्ञासा नायक, प्रोनिता बंजारे, विवेक बंजारे, हीना वर्मा, अनुज, पंकज, वेद प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### रेप का आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** गंज थाने की पुलिस ने युवती की शिकायत पर शादी करने का झांसा देकर रेप तथा ब्लैकमेल करने के आरोपी को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक युवती से रेप तथा ब्लैकमेल करने के आरोप में मध्यप्रदेश, रींवा निवासी सुजीत कुमार सेन को गिरफ्तार किया गया है। युवती ने पुलिस को बताया है कि सुजीत ने उसके साथ शादी करने का झांसा देकर रेप किया।

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना पुलिस ने ग्राम सोनापुटी चौक के पास बाइक की ठोकर से एक व्यक्ति घायल हो गया। प्रार्थी चंद्रशेखर धीवर ने पुलिस को बताया है कि सोमवार के दिन मेरे बड़े भैया मोटर सायकल क्रमांक सीजी-06-जीएम-9724 से मनबाय से खोपली पड़ाव जा रहे थे। ग्राम सोनापुटी चौक के पास पहुंचने पर बागबाहरा की ओर से आ रहे प्लेटिना के चालक अरूण गोड़ द्वारा अपने वाहन तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। पुलिस ने मामले शिकायत पर आरोपी चालक के विरुद्ध धारा 281,125(ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## पेज 9 के शेष

### वेशभूषा के साथ...


पर यह संकल्प लेने का माध्यम है कि हम अपनी माता बहनों, बेटियों के सम्मान की रक्षा करें। शक्ति और भक्ति के उपासना के महापर्व नवरात्रि में सुआ गरबा महोत्सव का आयोजन होता है जो प्रशंसनीय है। सिद्धेश्वर युवा मंच के संरक्षक गोपी साहू, रोहित साहू, मनीष चंद्राकर ने भी प्रतिभागियों के साथ गरबा कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। गरबा महोत्सव में शेखर वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, यमलोक साहू, छगन धुरंधर, सुनील कुर्रे, संजीव वर्मा, तारादेवी साहू, जमुना चंद्राकर, लीलाधर वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, संतोष देवांगन आदि उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा अलग अलग विधाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार वितरण किया।

### बिलाईगढ़ का ...

हस्तशिल्प और व्यंजनों का आनंद उठाया जा सकता है। सुरक्षा व्यवस्था बिलाईगढ़ के प्रशासन ने इस भव्य आयोजन के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। पूरे क्षेत्र में पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो और लोग सुरक्षित रह कर दशहरा महोत्सव का आनंद ले सकें।

### नगर में भागवत...

देवहुति संवाद, ध्रुव चरित्र कार्तिक कृष्ण 20 अक्टूबर प्रहलाद चरित्र, गजेन्द्र मोक्ष, वामन अवतार, राम कथा, श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 21 अक्टूबर नंदोत्सव, भगवान शंकर का श्री कृष्ण के दर्शन करना, बाल लीला, माखन चोरी, गोवर्धन लीला कार्तिक कृष्ण पंचमी, 22 अक्टूबर गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग, रासलीला, भगवान शंकरजी का रासलीला में आना, रुक्मिणी विवाह, 23 अक्टूबर श्रीकृष्ण के विवाह का वर्णन, जरासंध उद्धार, सुदामा चरित्र, पूर्णाहुति एवं महाभंडारा सुबह 11 बजे। वहीं इस कार्यक्रम के संरक्षक गौरीशंकर अग्रवाल पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रहेंगे।







**पर्व : पंडालों में चल रही भव्य पूजा अर्चना, नगर में 20 से ज्यादा जगहों पर सजा माता दुर्गा का पंडाल**

# नगर में जगह-जगह विराजी जगत-जननी मां जगदंबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

शारदेय नवरात्रि में नगर में जगह-जगह जगत जननी मां जगदंबा की स्थापना कर पूजा अर्चना की जा रही है। कसडोल नगर के महामाया मंदिर, चंडी मंदिर एवं बगदेवी मंदिर के दरबार में रोज सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचकर माथा टेक रहे हैं। इसके साथ ही नवरात्रि पर कसडोल नगर में 20 से अधिक जगहों पर पंडाल लगाकर मां दुर्गा की स्थापना की गई है, जहां 24 घंटे भजन कीर्तन का अनवरत आयोजन हो रहा है। मां दुर्गा की उपासना का पर्व नवरात्रि में चारों ओर भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। देवी मंदिरों समेत जगह-जगह पंडालों में विराजी मां जगदंबा की प्रतिमाओं का अनावरण पूजा पाठ किया जा रहा है। सुबह से ही मां के दरबार में श्रद्धालुओं का मेला लगा है, जहां श्रद्धालु पहुंचकर पूजा-अर्चना करने के बाद मन्नते मांग रहे हैं।





### चंडी मंदिर में विशेष पूजा अर्चना

कसडोल नगर की वार्ड 9 में विराजी माता चंडी की मंदिर में भी भक्तों का तांता लग रहा है, यहां नवरात्रि के पहले दिन से ही दूर-दूर से लोग आकर पूजा अर्चना कर रहे हैं। यहां मां चंडी माता की विशेष मान्यता भी है, जिससे लोग प्रदेश के कोने-कोने से लोग आकर मां के दरबार में मन्नतें मांगते हैं। मां के दरबार में इस साल भी श्रद्धालुओं की पूजा अर्चना के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। इसी प्रकार या देवी माता मंदिर में भी मां के दर्शन के लिए रोज लोग हजारों की संख्या में पहुंच रहे हैं।




### दुर्गा पंडालों में पूजा अर्चना

कसडोल नगर में 20 से अधिक जगहों पर हर साल की भांति इस साल भी दुर्गा पंडालों में मां दुर्गा की स्थापना की गई है, जिसमें माता रानी नवयुवा दुर्गा समिति पुराना थाना, मो दुर्गाउत्सव समिति मेन रोड़, नव युवा मित्र मंडल दुर्गा उत्सव समिति सिरपुर रोड, युवा शक्ति दुर्गोत्सव समिति गौरव पथ, नवयुवा दुर्गोत्सव समिति इंदिरा कालोनी, जय माता दी दुर्गाउत्सव समिति कॉलेज रोड, विद्या नवदुर्गा उत्साह समिति विद्या नगर, एकता नवदुर्गा उत्साह समिति पारस नगर सेक्टर 2, जन मानस दुर्गोत्सव समिति, पारस नगर सेक्टर 01, मजदूर हमाल संघ दुर्गा उत्सव समिति बाजार चौक, दुर्गा उत्सव समिति बागदेवी मंदिर कसडोल, मां अम्बे दुर्गाउत्सव समिति राउत पारा बलार चौक, जय माता दी दुर्गाउत्सव समिति बलार रोड, मां अम्बे दुर्गाउत्सव समिति बलार रोड, नव युवा दुर्गोत्सव समिति महामाया चौक हड़हा पारा, जय अम्बे दुर्गा समिति स्कूल चौक हड़हा पारा, मां भवानी दुर्गा उत्सव समिति राम सागर पारा कसडोल, बजरंग चौक दुर्गात्सव समिति कसडोल तथा अन्य जगहों में मां जगदंबा की स्थापना कर दिन-रात पूजा अर्चना की जा रही है।



### मां बगदेवी के दरबार में गूंज रहे जयकारे

नगर के बाजार के समीप विराजी मां बगदेवी के दरबार में सुबह से ही भक्तों के दरबार में भक्तों का तांता लगा हुआ है। मां के दर्शन व पूजा के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतार लग जाती है, जो लगातार देर रात होते तक चलती रहती है। भक्तजन माता का दर्शन करने के बाद भंडारे का आयोजन कर रहे हैं, जहां श्रद्धालु व भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया जा रहा है।



### महामाया में श्रद्धालुओं का हुजूम

नगर के हृदय स्थल पर विराजी मां महामाया की पूजा अर्चना के लिए हर साल की भांति इस साल भी नवरात्रि के पहले दिन से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। यहां भी सुबह से ही श्रद्धालुओं को माता के दर्शन के लिए होड़ मची रहती है। मंदिर प्रबंधक द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इस साल विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना ना करना ना पड़े। मंदिर में मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम लगा रहता है। श्रद्धालु मां का दर्शन करने के बाद पूरे मंदिर परिसर में जल रही जोतों की दर्शन कर प्रणाम कर रहे हैं।

### पलारी में मां महामाया की हुई महाआरती



**पलारी।** अंचल में मां दुर्गा के भक्त माता रानी की भक्ति की शक्ति में डुबे हैं। पलारी पंचायत का प्रमुख महामाया मंदिर प्रांगण में दुर्गा उत्सव समिति द्वारा षष्टि तिथि में दुर्गाजी की अराधना के साथ महाआरती की गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस वर्ष महामाया मंदिर में 95 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है।

# राम-सीता विवाह कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमिन्यूज ▶▶| खरोरा



बाजार चौक मढ़ी में जय सिद्ध स्वामी दुर्गोत्सव समिति के तत्वावधान में जारी संगीतमय रामकथा महोत्सव में कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रोता पहुंच रहे हैं। विख्यात मानस मर्मज्ञा ब्रम्हवादिनी संजेश्वरी देवी की मुखारविंद से यहां प्रतिदिन राम कथा की धारा प्रवाहित हो रही है। कथा प्रसंग में व्यासपीठ से जब उन्होंने राम विवाह कथा का चित्रण किया तो श्रोता भावविभोर हो उठे। कथा के दौरान कथा वाचिका ने श्रीराम–सीता के विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि, राजा जनक के दरबार में भगवान शिव का धनुष रखा हुआ था। एक दिन सीता ने घर की सफाई करते हुए उसे उठाकर दूसरी जगह रख दिया। उसे देख राजा जनक को आश्चर्य हुआ, क्योंकि धनुष किसी से उठता नहीं था। राजा ने प्रतिज्ञा किया कि जो इस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उसी से सीता का विवाह होगा। उन्होंने स्वयंवर की तिथि निर्धारित कर सभी राजा–महाराजा को विवाह के लिए निमंत्रण भेजा। वहां आए सभी लोगों ने एक–एक कर धनुष को उठाने की कोशिश की, लेकिन किसी को भी इसमें सफलता नहीं मिली। गुरु की आज्ञा से श्रीराम धनुष उठा प्रत्यंचा चढ़ाने लगे तो वह टूट गया। इसके बाद धूमधाम से सीता व राम का विवाह हुआ। माता सीता ने जैसे प्रभुराम को वर माला डाली वैसे ही देवतागण उन पर फूलों की वर्षा करने लगे। कथा में संगीत की धुन पर भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को झूमने को विवश कर दिया। इस दौरान संजीव झांकी भी सजाई गई थी। जहां एक ओर भक्तों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया, तो दूसरी ओर राम भजनों पर जमकर ठुमके भी लगाए। आज कथा का विश्राम होगा।



# निरुद्ध बंदियों के आयु का हुआ सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- विशेषज्ञ समिति ने किया उपजेल का निरीक्षण


जेल में निरुद्ध बंदियों के आयु सत्यापन के लिए विशेषज्ञ समिति ने उपजेल बलौदाबाजार का निरीक्षण किया। विशेषज्ञ समिति के सदस्यों द्वारा जेल परिसर में निर्धारित बैरक में जाकर जेल में निरूद्ध 18 से 21 वर्ष के बंदियों से उनकी आयु, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी ली। सभी बंदियों द्वारा उनकी आयु 18 वर्ष से अधिक होने की जानकारी प्रदान की गई। 18 वर्ष से कम उम्र के संदेहप्रद 3 किशोरों के नाम मुख्य प्रहरी उपजेल बलौदाबाजार को दिया गया, ताकि उनके द्वारा आयु सत्यापन के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सके। आयु सत्यापन उपरांत 18 वर्ष से कम आयु निर्धारण पर बालकों को बाल संप्रेक्षण गृह में स्थानांतरित करने तथा प्रकरण को किशोर न्याय बोर्ड में स्थानांतरित करने की कार्यवाही संपादित की जा सके। जिला कार्यक्रम अधिकारी टिक्वेंद्र जाटवर द्वारा निर्देश दिया गया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों का चिन्हांकन संदेह होने की स्थिति में त्वरित सूचना जिला बाल संरक्षण इकाई को देने कहा गया, ताकि प्रकरण किशोर न्याय बोर्ड में स्थानांतरित किया जा सकें। प्रभारी जिला बाल संरक्षण अधिकारी, विधिक सह परीवीक्षा अधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा निरुद्ध बंदियों के दैनिक दिनचर्या, भोजन, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कौशल विकास के संबंध में जानकारी ली। विधिक सेवा प्राधिकरण सदस्य संजय सोनी द्वारा निरुद्ध बंदियों के मामले में जानकारी लेते हुये विधिक सहायता एवं उनके अधिकारों के संबंध में चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी टिक्वेंद्र जाटवर, जेल विभाग से पुष्पेन्द्र पाण्डेय, तिलेश्वर मरावी, सदस्य विधिक सेवा प्राधिकरण संजय सोनी, प्रभारी बाल संरक्षण अधिकारी दीपक राय, विधिक सह परीवीक्षा अधिकारी सुश्री मेघा शर्मा एवं सामाजिक कार्यकर्ता टुकेश्वर जगत उपस्थित थे।




## बिजनेस साइट

# सिक्सथ गियर में नवरात्रि पर रॉयल इनफील्ड के बाइक्स की बुकिंग शुरू

**रायपुर।** टाटीबंध स्थित रॉयल इनफील्ड के अधिकृत विक्रेता सिक्सथ गियर में नवरात्रि और धनतेरस के अवसर पर ग्राहकों ने बाइक्स की बुकिंग शुरू कर दी है। इस समय ग्राहकों को क्लासिक- 350 और हंटर जैसी बाइक्स खासा आकर्षित कर रही हैं। शोरूम के संचालक अंकित जैन ने बताया कि ग्राहकों को हंटर बाइक मात्र 4999 रुपए की डाउन पेमेंट पर और क्लासिक-350 को 10000 रुपए की डाउन पेमेंट में अपने घर ले जाने की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके अलावा सैनिक और अर्धसैनिक बल के लिए कैंटीन सुविधा पर बाइक उपलब्ध कराई जा रही है। पुलिस, रेलवे पुलिस, सीआरपीएफ वालों को एक निश्चित छूट दी जा रही है। सिर्फ बाइक्स ही नहीं, शोरूम में रॉयल इनफील्ड की जैकेट्स, एसेसरीज, हेलमेट्स और स्पेयर पार्ट्स भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा ग्राहकों की सुविधा के लिए शोरूम ने भाटापारा और बीरगांव में दो फेस्टिव काउंटर भी खोले हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमारी शाखाएं रायपुर, कवर्धा, बलौदाबाजार और राजिम में भी स्थित हैं, जिससे ग्राहकों को इन बाइक्स की खरीदारी में कोई असुविधा न हो।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके शरण्यये त्रयम्बिके गौरी नारायणी नमोस्तुते...


**बलौदाबाजार।** नया बस स्टैण्ड, बलौदाबाजार।


सिविल लाइन, बलौदाबाजार।


तहसील कार्यालय, बलौदाबाजार।


गार्डन चौक, बलौदाबाजार।


आजाद चौक, बलौदाबाजार।


गांधी चौक, बलौदाबाजार।


नयापारा दुर्गा चौक, बलौदाबाजार।


महामाया मंदिर, बलौदाबाजार।

# मां दुर्गा की भक्ति में डूबा शहर, चारों ओर हो रही पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार


शारदीय नवरात्रि पर्व पर भक्तगण आठ दिनों से मां दुर्गा के आराधना में डूबे रहने से अंचल में चारों ओर देवी दर्शन करने वालों का हुजुम लगा है। वहीं नगर में कुछ स्थानों पर गरबा के प्रति युवक युवतियों में जुनून इस कदर हावी है कि सैकड़ों की संख्या में भाग लेने वाले गरबा डांस में देर रात तक थिरकते रहते हैं। दूसरी ओर देवी मंदिरों एवं देवी पंडालों में मांदर की थाप और जसगीतों की गूंज से चारों दिशाओं में भक्तिमय नजारा दिखाई पड़ता है। भक्तों के मन में देवी के प्रति बढ़ती आस्था के चलते साल दर साल ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है।

नगर के प्राचीन एवं सिद्ध शक्तिपीठ माने जाने वाली मावली मंदिर पुरानी बस्ती में इस वर्ष ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराया गया है तथा देवी दर्शन के लिए रोजना सुबह चार बजे से देर रात तक भक्तों की लंबी कतार लगी रहती है। इसी तरह नये बस स्टैण्ड स्थित महामाया मंदिर में इस वर्ष 502 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित होने के साथ रोजाना देवी दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी रहती है। नगर के रिसदा मार्ग स्थित काली मंदिर में इस वर्ष 90 भक्तों द्वारा ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराने की जानकारी दी गई है। नगरवासियों में देवी के प्रति उमड़े भक्तिभाव वाले सैलाब के चलते इस वर्ष तहसील कार्यालय, गार्डन चौक, नया बस स्टैण्ड, पुराना बस स्टैण्ड, गांधी चौक, बाजार चौक, सब्जी मंडी, पुराना नगरपालिका के समीप देवी पंडालों में विराजित मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाएं दर्शन करने और आकर्षक साज सज्जा को देखने रोजाना आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में ग्रामीण बलौदाबाजार पहुंच रहे हैं।

**सिद्धबाबा औघड़ आश्रम में 278 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित :** श्री सर्वेश्वरी समूह अवधूत भगवान राम आश्रम के प्रति लोगों की आस्था बढ़ने के साथ दूर-दूर से लोग यहां रोजाना स्थापित मां काली के दर्शन एवं पूजा अर्चना के लिए पहुंचते हैं। इस वर्ष यहां पर श्रद्धालुओं द्वारा 278 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराया गया है।


श्री सर्वेश्वरी समूह औघड़ आश्रम सिद्धबाबा।


महामाया मंदिर नया बस स्टैण्ड बलौदाबाजार


मावली मंदिर पुरानी बस्ती बलौदाबाजार।



काली मंदिर रिसदा रोड बलौदाबाजार।

## मां समलाई के दरबार में जल रही 951 ज्योति

**बिलाईगढ़** । शारदीय नवरात्रि का महापर्व बड़े श्रद्धा भक्ति एवं धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। बिलाईगढ़ स्थित सिद्ध शक्ति पीठ मां समलाई मंदिर प्रमुख आस्था का केंद्र बिंदु है, जहां रोजाना माता के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ पंचमीं तिथि से बढ़ती ही जा रही है। इस वर्ष समलाई मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा 951 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करायी गई है। मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से यहां मुरादे लेकर आते हैं वह अवश्य ही पूरी होती है। शाम होते ही श्रद्धालु माता, बहने, बुजुर्ग एवं बच्चों की खास भीड़ मंदिर परिसर में देखी जा रही है, जहां माता सेवा एवं जस गीत से सकल वातावरण धार्मिकमय बना है। इसके अलावा विभिन्न दुर्गोत्सव समितियां द्वारा प्रमुख चौक चौराहा में मां दुर्गा के प्रतिमा स्थापित कर नवरात्रि का पर्व मनाया जा रहा है। बिलाईगढ़ के अतिरिक्त आसपास के गांव गोविंदवन, पवनी, खजरी, रामपुर, मलदी, पुरगाव, धनसीर, सलिहा, पंडरीपानी, नवापारा, दुम्हानी, पथरिया, बिशनपुर पचरी, बनाहिल कैथा, नगरदा, अमलडीहा, कोरकोटी, देवरहा आदि गांव में भी नवरात्रि का महापर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है।



## खबर संक्षेप



### महा भंडारा आज

**संडी बंगला।** पलारी विकासखंड के ग्राम जर्वे में श्री छेरछेरा समिति द्वारा शुक्रवार को शारदीय नवरात्रि की नवमी पर्व पर महा भंडारा का आयोजन दुर्गोत्सव प्रांगण में संध्या 5 बजे से प्रारंभ होगा। समिति के सदस्य नेतराम साहू, बेनी राम साहू ने बताया कि रात्रि में 9 बजे से लोक बयार मोर आरंग के गंगा साहू का कार्यक्रम रखा गया है।

### खेलकूद प्रतियोगिता में एकलव्य भोरिंग द्वितीय

**महासमुंद।** आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में 73 एकलव्य विद्यालयों का संचालन किया जाता है, प्रतिवर्ष एकलव्य विद्यालयों की खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला स्तर, संभाग स्तर और राज्य स्तर पर किया जाता है, इसी कार्यक्रम के अनुसार पूरे राज्य के बच्चो को दो संभाग में विभाजित कर प्रतियोगिता का आयोजन राजनांदगांव में किया गया। जिसमें जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग के बच्चों ने भी भाग लिया। इस प्रतियोगिता में, दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, रिले रेस, बैडमिंटन, भाला फेंक, गोला फेंक जैसे खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गय। जिसमें जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग के बच्चों ने 23 गोल्ड, 20 सिल्वर, और 5 कांस्य पदक जीतकर दूसरा स्थान हासिल किया है। विद्यालय की उपलब्धि पर विनय कुमार और सहायक आयुक्त शिल्पा साय ने हर्ष जताया है।

### भाजपा ने बिमला देवी को दी श्रद्धांजलि

**भाटापारा।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा की भाभी एवं युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष अश्वनी शर्मा की माता विमला देवी 7 अक्टूबर को पंचतत्व में विलीन हो गई। गुरुवार को भाजपा की बैठक में दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान धरसीवा के पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े, महामंत्री राकेश तिवारी, कृष्ण अवस्थी, मंत्री महाबल बघेल, अनिल पांडेय, रितेश श्रीवास्तव, मनेंद्र सिंह, केजू बघेल, ब्यास यदु, राजा कामनानी कुंज राम कोसले निरा साहू, आइसा खान, तनुजा लहरे, नरेंद्र ठाकुर, आशीष जायसवाल, योगेश अनंत मथुरा यदु आदि उपस्थित थे।



## सप्तमी पर महा प्रसादी का हुआ वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

क्वॉर नवरात्रि पर ग्राम बंगोली के नवोदय दुर्गोत्सव बाजार चौक, महामाई दुर्गोत्सव बस स्टैण्ड, बाल बजरंग दुर्गोत्सव तथा आदर्श नवयुवक दुर्गोत्सव समिति भाठापारा में मां दुर्गा की स्थापना की गई है। नवरात्रि सप्तमी तिथि पर आदर्श नवयुवक दुर्गोत्सव समिति भाटापारा के तत्वावधान में महाप्रसादी भोग भंडारा रखा गया, जिसमें चावल, दाल, सब्जी, खीर, पूरी का वितरण किया गया। मांदर की थाप पर माता की रात दिन सेवा के लिए पंडा, जस सेवा समिति, महिला जस सेवा समिति के सदस्यों द्वारा पूजा अर्चना की जाती है। इस अवसर पर भंडारा आयोजित सदस्यों में अध्यक्ष समीर वर्मा, उत्तम वर्मा उपाध्यक्ष, किशन निर्मलकर सचिव, मुकेश निर्मलकर सहसचिव, तरुण निर्मलकर,जनक निषाद, मानसिंग निषाद, बंशी यादव, दशरथ धीवर, राजू वर्मा, महेश वर्मा, अजय साहू, बलराम निषाद, मनोज निषाद, लुकेश, तिलक, परमेश्वर, सूरज, सोनू निर्मलकरनारायण निषाद, पर्वत साहू, मिथलेश यादव, धनी वर्मा, दिनेश, दिनू, रवि, यादव, बलराम, गौरव निर्मलकर, राहूल, लक्की, आकाश, भरत, सूरज, राजकुमार वर्मा, कन्हैया निषाद, वरिष्ठ संरक्षक विनोद निर्मलकर, नरेश साहू, संरक्षक बिष्णु धीवर, सह संरक्षक मनोहर निर्मलकर, पंडा भीखम धीवर, सुदामा यादव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## सप्तमी-अष्टमी को गांव के देवी देवताओं की हुई विशेष पूजा

**भवानीपुर।** नवरात्रि में महाअष्टमी पर ग्राम पंचायत वटगन माता सेवा समिति के सदस्यों द्वारा मांदर की थाप के साथ गांव के प्रत्येक माता देवालय एवं मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना कर ग्राम की सुख समृद्धि के लिए कामना की। उपसरपंच उमेश यद्ु ने बताया कि इस वर्ष भी हमारे गांव में नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। सभी ग्रामीण अपने-अपने श्रद्धा अनुसार माता की सेवा पूजा अर्चना करते है। नवरात्रि में गांव के अलग-अलग दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है। प्रतिदिन गांव के चौक पर खीर, पूरी, हलवा प्रसादी के रूप में वितरण किया जाता है। गांव की गलियों को रंग बिरंगी लाइट से सजाया जाता है। आज महा अष्टमी पर विशेष पूजा का आयोजन किया गया। मान्यता है कि इस प्रकार देवी मां की पूजा अर्चना करने से हमारे गांव हर तरह से रोग दोष से मुक्त रहता है।



